तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026

14 पिथौरा में हुआ टी-20 ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता...



14 नर्रा में मरार समाज ने शाकंभरी जयंती...





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम जुनवानी कला में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से देशी महुआ शराब बरामद किया है। बागबाहरा पुलिस ने ग्राम जुनवानी कला में आरोपी सेवकराम नेताम पिता ओलसिंह नेताम (42 साल) घुंचापाली थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, पवन बरिहा पिता टिको बरिहा (35 साल) घुंचापाली थाना बागबाहरा जिला महासमुंद के संयुक्त कब्जे से 15 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए और मोटर सायकल कीमत 20000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### बिना अनुमति गिट्टी ले जा रहे लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बिना अनुमति गिट्टी ले जा रहे लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को खीरसागर सिदार ने बसना थाने में कराए गए एफआईआर में बताया कि वह अशोक केजरीवाल सारंगढ़ के डामर प्लांट में मैनेजर एवं ऑपरेटिंग का काम करता है। वह 9 जनवरी को शाम करीब 4 बजे गिट्टी को मालिक की बिना अनुमति के वालिंदर कुमार एवं अरबाज खान द्वारा जबरदस्ती ले जाने की सूचना अपने मालिक को फोन पर दे रहा था। जिसके कारण आरोपियों द्वारा गाली गलौच कर हाथ मुक्का लात से मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बहन के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बहन के साथ मारपीट किए जाने के मामले में ग्राम लक्ष्मीपुर एक व्यक्ति के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को थानूराम सेन ने बताया कि 09 जनवरी को शाम 7 बजे उसकी दीदी गायत्री बाई सेन व जीजा सुरेश सेन खाना खाकर घर में आराम कर रहे थे, तभी छोटा भाई हेकनाथ सेन नशे की हालत में घर आया और दीदी से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बाल पकड कर खींचते हुये आंगन में लाया और पास में रखे डंडे से मापीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रांसफार्मर से क्वाइल वायर और ऑयल चोरी

**महासमुंद।** खट्टी वितरण केंद्र अंतर्गत आमाकोनी खुटेरी रास्ते में लगे 100 केवीए बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल, वायर और ऑयल की चोरी के मामले में खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ट्रांसफार्मर से क्वाइल, वायर और ऑयल की चोरी को लेकर खल्लारी थाने में की गई शिकायत में कनिष्ठ यंत्री प्रखर कुमार चंद्रवंशी ने पुलिस को बताया कि दिनांक 08.01.2026 की रात्रि 09 बजे से दिनांक 09.01.2026 के सुबह 06 बजे के मध्य वितरण केंद्र खट्टी के अंतर्गत आमाकोनी खुटेरी रास्ता के पास ग्राम आमाकोनी में लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर के अंदर लगे क्वाइल, कापर वायर, आयल अनुमानित कीमत 33000 हजार रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# परीक्षाओं का दबाव, छात्र और शिक्षक दोहरी मुश्किल में, कोर्स अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से शुरू होकर 23 जनवरी तक

जिले के सरकारी स्कूलों में इन दिनों पढ़ाई से ज्यादा परीक्षा का शोर है। छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए निर्देशों ने 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों का तनाव बढ़ा दिया है। आलम यह है कि विद्यार्थी अभी प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तैयारी और तनाव से उबरे भी नहीं थे कि अब 16 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षा की सूचना आ गई है।

जिले के हजारों छात्र इस समय मानसिक दबाव में हैं। आदेश के मुताबिक, प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से शुरू होकर 23 जनवरी तक खत्म करनी हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि मुख्य विषयों के लिए छात्रों को तैयारी का जरा भी समय नहीं मिलेगा। महज पांच दिनों के भीतर सभी विषयों की परीक्षा निपटाने के इस फरमान ने छात्रों को उलझन में डाल दिया है। छात्रों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि वे एक साथ तीन मोर्चों पर जूझ रहे हैं। 1 जनवरी से शुरू हुई प्रायोगिक परीक्षाएं 20 जनवरी तक चलनी हैं। इसी बीच में ही 16 जनवरी से प्री-बोर्ड का दबाव का भी है। विभाग का आदेश है कि जिस दिन परीक्षा नहीं होगी, उस दिन स्कूल में नियमित क्लास लगेगी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि छात्र सेल्फ-स्टडी कब करेंगे। जब छात्र दिन भर स्कूल और परीक्षाओं में उलझे रहेंगे, तो वे मुख्य बोर्ड परीक्षा के लिए रीविजन कब करेंगे। दिसंबर महीने में 12 से 20 तारीख तक छमाही परीक्षाएं हुई, उसके बाद शीतकालीन अवकाश लग गया। जिले के कई ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में अभी भी 15 से 20 प्रतिशत कोर्स अधूरा है। शिक्षकों के सामने संकट यह है कि वे अधूरा कोर्स पूरा करवाएं या परीक्षाओं का संचालन करें।

## अब 16 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षा की आ गई सूचना

### शिक्षकों पर सुपरफास्ट रिजल्ट का दबाव

शिक्षा विभाग एक और कड़ा निर्देश दिया है कि परीक्षा खत्म होने के तीन दिन के भीतर रिजल्ट घोषित करना। इसका मतलब है कि शिक्षक को दिनभर क्लास लेनी है, परीक्षा ड्यूटी करनी है और रात में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है। इतना ही नहीं, शिक्षकों पर शत-प्रतिशत रिजल्ट देने और 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाने का भारी दबाव है। एक तरफ शिक्षकों की ड्यूटी सर्वे और अन्य प्रशासनिक कार्यों में लगाई जाती है, वहीं दूसरी ओर उनसे शैक्षणिक चमत्कार की उम्मीद की जा रही है।




### 20 फरवरी से मुख्य परीक्षा की चुनौती

अगले महीने 20 फरवरी से 10वीं और 12वीं की मुख्य बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। जनवरी का महीना छात्रों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इसी समय वे अपनी कमजोरियों को दूर करते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में, छात्र केवल औपचारिकताएं पूरी करने में जुटे हैं। सुबह से शाम तक स्कूल और परीक्षा के कारण छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से थक रहे हैं। बिना रीविजन के प्री-बोर्ड देने से छात्रों के कम अंक आने का डर है, जिससे उनका मनोबल गिर सकता है। वे समझ नहीं पा रहे कि प्रैक्टिकल की फाइल तैयार करें या प्री-बोर्ड के सवालों को याद करें।

## मौसम में बदलाव : आसमान में छाए बादलों और बढ़ती नमी से बढ़ी परेशानी

# मौसम का बदला मिजाज, खुले में पड़े लाखों टन धान पर संकट, लोगों की सेहत में भी असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बीते दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। आसमान में छाए बादलों और बढ़ती नमी ने न केवल आम लोगों की सेहत पर असर डाला है, बल्कि अन्नदाता किसानों और धान खरीदी समितियों के माथे पर भी चिंता की लकीरें खींच दी हैं। जिले के खरीदी केंद्रों में खुले आसमान के नीचे पड़ा लाखों टन धान अब पर संकट मंडरा रहा है। जिले में इस समय धान खरीदी का काम जोरों पर है। जिले के लगभग सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लेकिन



अचानक बदले मौसम ने इस माहौल को डर में बदल दिया है। आसमान में छाई घटाओं को देखकर किसानों को डर है कि यदि बारिश हुई, तो उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

कई केंद्रों पर कैप कवर की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण धान के ढेर खुले में पड़े हैं। किसान रामलाल साहू बताते हैं, हमने बड़ी मुश्किल से फसल काटकर केंद्र तक पहुंचाने की तैयारी की है। अब अगर बारिश हुई तो धान गीला हो जाएगा, जिससे उसका गुणवत्ता खराब होगी। ऐसे में समिति धान लेने में आनाकानी करेगी।

### समितियों की बढ़ी मुसीबत, उठाव की धीमी रफ्तार

धान खरीदी केंद्रों (सोसायटियों) के सामने सबसे बड़ी चुनौती धान का उठाव न होना है। जिले के विभिन्न केंद्रों में वर्तमान में लाखों टन धान जमा है। परिवहन की गति धीमी होने के कारण खरीदी केंद्रों में जगह कम पड़ गई है। धान की आवक तेजी से हो रही है, लेकिन मिलर्स द्वारा धान का उठाव उतनी तेजी से नहीं किया जा रहा है। यदि असमय बारिश होती है, तो खुले में रखे धान को बचाना मुश्किल होगा। गीला होने पर धान में डैमेज और डिस्कलर की समस्या आएगी, जिसका सीधा नुकसान समितियों को उठाना पड़ सकता है।

### सेहत पर भारी पड़ रहा मौसम असर

मौसम में आए इस बदलाव का असर केवल फसलों पर ही नहीं, बल्कि आम जनजीवन और स्वास्थ्य पर भी दिख रहा है। दिन में हल्की उमस और रात में बढ़ती ठंड के बीच बादलों की मौजूदगी से वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ गया है। जिला अस्पताल और निजी क्लिनिकों में सर्दी, खांसी और बदन दर्द के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बुजुर्गों और बच्चों की सेहत का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

## डिप्टी सीएम साव ने कर्मा भवन में शेड निर्माण के लिए की 25 लाख रुपए की घोषणा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जिला एवं तहसील साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि ताम्रध्वज साहू, विशिष्ट अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, चुन्नीलाल साहू, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विपिन साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष ढालूराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, येतराम साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि साहू समाज एक संगठित और अनुशासित समाज के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कर्मा भवन में शेड निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा भी की।



## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत अंतरराज्यीय एक्सपोजर विजिट को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार जिला मिशन संचालक एवं कलेक्टर विनय कुमार लगेह एवं जिला परियोजना संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले में संचालित पीएमश्री स्कूल सहित अन्य विद्यालय के 24 विद्यार्थी एवं 9 गाइड शिक्षक पड़ोसी राज्य के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुए। बच्चों के बसना पहुंचने पर महासमुंद लोकसभा के सांसद रूपकुमारी चौधरी ने बच्चों को ट्रैकशूट, एक्सपोजर विजिट फ्लैप, फोल्डर प्रदान कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण ज्ञान विस्तार के लिए केंद्र शासन के शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट का प्रावधान किया है, जिसमें चयनित मेधावी विद्यार्थियों को राज्य के बाहर अन्य राज्य के शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक विरासतों एवं ऐतिहासिक महत्व के विषय में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। बच्चे भारत की विविधता में एकता के स्वरूप को स्वयं समझ सकेंगे। उन्होंने सभी छात्रों और उनके शिक्षकों को यात्रा अध्ययन के रिकॉर्ड संधारण के लिए प्रेरित करते हुए यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने बताया कि छात्रों को ओडिशा के राजधानी में स्थापित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर के विज्ञान संकाय, जूलॉजिकल पार्क, साइंस सेंटर, सहित राज्य के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

# एक बार फिर लौटी ठंड, बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, आने वाले दिनों में और गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। पिछले कुछ दिनों की हल्की राहत के बाद अब कड़ाके की ठंड ने दोबारा दस्तक दी है। इन दिनों चली सर्द हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया, जिससे लोग दोपहर में भी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही ठंडी और शुष्क हवाओं ने सुबह के समय ठिठुरन काफी बढ़ा दी है। रात का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा अधिक है, लेकिन दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट होने की वजह से सूरज निकलने के बाद भी ठंड से राहत नहीं मिली। दोपहर का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है। इसके समाप्त होते ही उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली बर्फीली और शुष्क हवाओं ने जिले में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि धूप खिली होने के बावजूद हवाओं में मौजूद नमी और ठंडक लोगों को परेशान कर रही है।

### अगले तीन दिन रहेंगे भारी

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले तीन दिनों में ठंड की तीव्रता और बढ़ेगी। अनुमान है कि न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की और गिरावट हो सकती है। पारा गिरकर 9 से 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। सुबह के समय जिले के कुछ हिस्सों में हल्का से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है।

### जनजीवन पर असर

ठंड के दोबारा लौटने से शहर के चौक-चौराहों पर लोग सुबह-शाम अलाव जलाकर तापते हुए देखे जा रहे हैं। गर्म कपड़ों के बाजार में फिर से रौनक लौट आई है। डॉक्टरों ने इस बदलते मौसम में विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, क्योंकि तापमान में उतार-चढ़ाव से सर्दी-खांसी और वायरल बुखार का खतरा बढ़ जाता है।

## मोदी सरकार पर मनरेगा के स्वरूप को बिगाड़ने और इसे गरीब विरोधी बनाने का लगाया आरोप

# मजदूरों के संवैधानिक हक पर हमला कर रही मोदी सरकार: महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस भवन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के माध्यम से मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान का आगाज़ किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर मनरेगा के स्वरूप को बिगाड़ने और इसे गरीब विरोधी बनाने का आरोप लगाया। डॉ. महंत ने कहा कि मनरेगा ग्रामीणों का कानूनी अधिकार है, जिसे अब सरकार की मर्जी पर निर्भर बनाया जा रहा है। अब पंचायतों के बजाय दिल्ली तय करेगी कि कहां काम होगा, जिससे स्थानीय स्वायत्तता खत्म हो रही है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि फसल कटाई के समय काम रोककर मजदूरों को कम मजदूरी पर बड़े भूस्वामियों और ठेकेदारों के पास काम करने को मजबूर किया जा रहा है। साथ ही, मेट व्यवस्था खत्म कर ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देने की साजिश रची जा रही है।

नए नियमों के अनुसार, अब राज्यों को मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद वहन करना होगा। इससे राज्य सरकारें आर्थिक तंगी के कारण रोजगार देने से कतराएंगी, जिसका सीधा असर गरीबों पर पड़ेगा। आधार आधारित भुगतान और ऐप की अनिवार्यता के कारण लगभग 2 करोड़ मजदूर काम से वंचित हो गए हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, विधायक चातुरी नंद, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, अमरजीत चावला, देवेंद्र बहादुर सहित कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### 12 से 29 तक चलेगा मनरेगा बचाओ संग्राम

आगामी रणनीति साझा करते हुए मंहत ने बताया कि 12 से 29 जनवरी तक पूरे देश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत हर ग्राम पंचायत में मजदूरों और सरपंचों के साथ चौपाल लगाई जाएगी। सोनिया गांधी का वीडियो संदेश हर गांव में मजदूरों को दिखाया जाएगा। 26 जनवरी को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित कर मनरेगा के संरक्षण का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। लाखों मजदूर हस्ताक्षर युक्त पोस्टकार्ड राष्ट्रपति को भेजकर पुराने मनरेगा की बहाली की मांग करेंगे। नुक्कड़ सभाओं के जरिए जनता को सरकार की मंशा से अवगत कराया जाएगा।

### कांग्रेस ने रखी चार प्रमुख मांगें

कांग्रेस ने चार प्रमुख मांगें रखी है जिसमें, मनरेगा के सभी नए बदलावों को तत्काल वापस लिया जाए। काम के संवैधानिक अधिकार को पूर्णतः बहाल किया जाए। न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन किया जाए। काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी और जवाबदेही की गारंटी सुनिश्चित हो। अंत मं डॉ. महंत ने कहा कि मनरेगा ने कोविड महामारी के दौरान करोड़ों परिवारों को भुखमरी से बचाया था। इस जीवनरेखा को नष्ट करना देश के गरीबों के साथ गद्दारी है, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

खबर संक्षेप

## शासकीय कर्मचारी संघ का सम्मान एवं नववर्ष मिलन समारोह आज

**महासमुंद**। छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला महासमुंद के तत्वावधान में सेवानिवृत्त लिपिक कर्मचारियों का जिला स्तरीय सम्मान एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन 11 जनवरी रविवार को बीटीआई रोड स्थित डाइट सभाकक्ष में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि उप प्रांताध्यक्ष मनोज पांडेय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, प्रांतीय महामंत्री सीके तिवारी, प्रांतीय सचिव दुष्यन्त यादव, जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संदीप कुमार तिवारी, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव, सलाहकार जिला शाखा वीके प्रधान, संरक्षक जिला शाखा शिव कुमार साहू एवं केके चंद्राकर होंगे।

## चौथी कक्षा की परीक्षा के प्रश्न को लेकर विवाद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने जताई आपत्ति



**महासमुंद**। जिले में अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान कक्षा चौथी की इंग्लिश विषय की परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। यह परीक्षा 7 जनवरी को आयोजित की गई थी। प्रश्नपत्र के पहले ही सवाल को लेकर लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप सामने आया है। जनपद उपाध्यक्ष चंद्राकर पंचायत ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा जैसे संवेदनशील विषय में इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग अनुचित है और इससे लोगों की भावनाएं आस्था को आहत हुई हैं। उन्होंने संबंधित शिक्षा विभाग से मामले की स्पष्ट जांच कर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है, ऐसे लापरवाही अधिकारी कारण सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

## कारोबारी का मोबाइल हैक कर वकील से 55 हजार की ठगी

**रायपुर**। सिविल लाइंस थाना में एक वकील ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ 55 हजार रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर नगर निवासी विजय कुमार दास ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। विजय ने पुलिस को बताया कि 8 जनवरी को उसके पास उसके परिचित के कारोबारी के नंबर से मैसेज आया। मैसेज में वकील को कारोबारी ने जानकारी देते हुए लिखा था कि उसका यूपीआई काम नहीं कर रहा है, एक नंबर भेज रहा हूं, उसमें 55 हजार रुपए ट्रांसफर कर देना। इसके बाद वकील ने पेमेंट भेजने के बाद स्क्रीन शॉट लेकर कोराबारी को भेजा। कारोबारी ने बताया कि किसी ने उसका मोबाइल हैक कर लिया था। उसी नंबर से जालसाज ने उसे पैसे ट्रांसफर करने मैसेज भेजकर ठगी की है।

मनमानी : अधिकारी कह रहे करेंगे नियमानुसार कार्रवाई

# बरोली के सरकारी भूमि गौठान में अवैध अतिक्रमण बेखौफ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

ग्राम पंचायत बरोली में शासकीय भूमि

- अवैध कब्जा हटाने तहसीलदार के आदेश का उल्लंघन, धड़ल्ले से अवैध निर्माण जारी



गौठान पर निर्मल सिदार पिता तुलाराम सिदार द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर नायब तहसीलदार ने अवैध निर्माण रोके जाने नोटिस जारी किया है, लेकिन अतिक्रमण कारी के शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध निर्माण बदस्तूर जारी है। तहसीलदार बसना द्वारा पटवारी को भेज कर निर्माण कार्य रोके जाने निर्देशित किया गया था। लेकिन, राजस्व अधिकारी के निर्देश का खुला उल्लंघन बेखौफ होकर निर्माण कार्य जारी है।

बता दें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में नरवा, गरवा घुरवा अऊ बारी के संरक्षण के लिए प्रत्येक पंचायत में गौवंश को सुरक्षित रखने गौठान का निर्माण किया गया है। बता दें कि बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोली में गौठान के लिए एक एकड़ जमीन आरक्षित कर निर्माण कार्य कराया गया था। परन्तु, निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। पूर्व के भूपेश सरकार ने एक अच्छे सोच के साथ लावारिस हालत में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए गौठान योजना लागू किया था। जमीनी स्तर पर यह योजना सफल नहीं हो पाया। लेकिन, अतिक्रमणकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के आबंटित शासकीय भूमि को कब्जा करने जरा भी नहीं सोचा कि भविष्य में क्या होगा। ग्राम पंचायत बरोली में गौठान की शासकीय भूमि पर निर्मल सिदार एवं अन्य लोगों द्वारा बरोली के धरोहर पहाड़ी की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है। जिसे अतिक्रमण मुक्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है। नवनिर्वाचित सरपंच को पता चलते ही गौठान के लिए आरक्षित भूमि परअवैध अतिक्रमण को हटाने का नोटिस जारी किया गया था।

इस संबंध में बसना तहसीलदार केके साहू का कहना है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने एवं निर्माण कार्य रोके जाने के लिए पटवारी को तत्काल भेजा गया था। शासन के नियमों की अवहेलना करने वाले पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष आवासीय विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव

## श्रवण बाधित बच्चों ने किए सुंदर नृत्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष (आवासीय) विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों एवं श्रवण बाधित बच्चों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत की गई। दृष्टि बाधित बच्चों द्वारा मनमोहक गाना प्रस्तुत किए गए। छोटे - छोटे नन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम को संचालित कर रही उमा साहू (स्कूल संचालिका) ने विद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास, संस्कार और आत्मविश्वास के निर्माण का सशक्त माध्यम है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी की छिपी प्रतिभा को पहचान कर उसे आगे बढ़ने का अवसर दिया जाए। इस कार्यक्रम में डॉ.गार्गी पांडे, बीएमओ डॉ. कुनाल नायक, डॉ. प्रदीप साहू, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, एहसान दानी, विपिन मोहंती, पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष छायाकांत भट्ट, पत्रकार दीपक मखीजा, मुखापुटका सरपंच लोचन भावना पटेल, मनीष, सूरज, हिमांशु, जितेंद्र, मनीष, शिवांगी, उमा, सपना, विश्व हिंदू परिषद से गुड्डू, मयंक, गायत्री, प्राची, समिति उपाध्यक्ष हेमंत साहू, स्कूल स्टाफ प्रधान पाठक गुलशन साहू, खुशबु साहू, अर्चना ठाकुर, मुकेश साहू, गया दास, कल्पना, कमला साहू आदि मौजूद रहे।

## संकुल समन्वयकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

**पिथौरा**। समग्र शिक्षा के अंतर्गत संकुल समन्वयकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुई। बैठक में बीआरसी नरेश पटेल सहित विकासखंड के सभी 42 संकुलों के समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अपार आईडी, परीक्षाओं की तैयारी, यू-डाइस डाटा, निर्माण कार्यों की प्रगति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, ब्लू प्रिंट, विद्यार्थी सूचकांक सहित अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला मिशन समन्वयक शर्मा ने सभी समन्वयकों को निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर बीआरसी कार्यालय से सावित्री यादव, तेजराम यादव, सुखदेव पैकरा एवं खेमुराम निषाद भी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी संकुल समन्वयकों से फील्ड स्तर पर कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करने एवं शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

# खल्लारी पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण के लिए उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी के जर्जर सड़क की चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण के साथ गौरव पथ निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री अरूण साव को ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने महासमुंद में सामाजिक कार्यक्रम के दौरान पुष्प गुच्छ भेंटकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थ व पर्यटन स्थल खल्लारी मातेश्वरी मंदिर खल्लारी की ओर जाने वाली महज दो किलोमीटर तक सड़क की चौड़ाई बहुत कम है, जो कि यह सड़क नेशनल हाईवे क्रमांक 353 से जुड़ा हुआ है। इस जर्जर सड़क का चौड़ीकरण के साथ सौदर्यीकरण किया जाना अति आवश्यक है।

बता दें कि इस सड़क मार्ग के जर्जर व्यवस्था और बदहाली को सुधारने की मांग के साथ इस मार्ग का चौड़ीकरण और सड़क मार्ग के बीचों बीच डिवाइडर को फूलों के पौधों से सुसज्जित करने और आकर्षक स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग लगातार चल रही है। लेकिन, मांग अब तक पूरी नहीं हुई। यह सड़क मार्ग राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 353 से होकर खल्लारी बस्ती की ओर जाता है। जहां मॉ खल्लारी की ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण मंदिर है।

जिसमें एक मंदिर खल्लारी बस्ती में है। जिसे माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी मंदिर के नाम से जाना जाता है। वहीं मां खल्लारी का महत्वपूर्ण व प्रसिद्ध मंदिर पहाड़ी ऊपर हैं, जो कि वह प्रमुख मंदिरों में से है। जिसके दर्शन के लिए पहाड़ी में नीचे मार्ग से 981 सीढ़ियों या फिर रोपवे (उड़न खटोला/लिफ्ट) के माध्यम से पहाड़ में चढ़ना पड़ता है। इसके अलावा इस गांव में अनेक ऐतिहासिक मंदिर भी हैं। वहीं यहां एक छह मासी रात्रि में निर्मित भगवान जगन्नाथ स्वामी का ऐतिहासिक मंदिर भी है। इस ऐतिहासिक जगह की महत्ता को देखते हुए महज दो किलो मीटर की खल्लारी पहुंच मार्ग को सुविधायुक्त बनाने की मांग की है।

# गढ़सिवनी स्कूल के छात्रों ने जंगल सफारी, आदिवासी संग्रहालय व पुरखौती मुक्तांगन का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पदुमन सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिवनी के कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को शैक्षणिक उद्देश्य व भूगोल प्रायोगिक प्रतिपूर्ति के लिए जंगल सफारी, शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक व आदिवासी संग्रहालय एवं पुरखौती मुक्तांगन का भ्रमण कराया गया। जंगल सफारी के जू पार्क में प्रवेश करते ही बच्चे जंगल में मुक्त विचरण करने वाले जीव जंतु से रूबरू हुए। जिसमें सफेद टाइगर, बंगाल टाइगर, एशियाटिक सिंह, विभिन्न प्रजाति के हिरण, भालू, मगरमच्छ, दरियाई घोड़ा, सर्प की संग्रह, विभिन्न प्रकार के पक्षियों के तितली गार्डन व पुलों की बागवानी से रोमांचित होकर फोटोग्राफी किए। ततपश्चात छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण की स्मृति में बने संग्रहालय में प्रवेश करते ही सभी बच्चे संग्रहालय का अवलोकन करते भावविभोर के साथ एक एक प्रदर्शित चित्रण को निहारते रहे। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के आदिवासियों द्वारा सँघर्ष व बलिदान की गाथा को सजीवता के साथ बखूबी प्रस्तुत किया है। बच्चे प्रथम दृष्टया तो कहने लगे यह तो वास्तविक में सजीव लग रहा है। इस संग्रहालय में आदिवासी समुदाय की कहानी व उनके जीवन शैली को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही आदिवासी संग्रालय में पूरे छत्तीसगढ़ के जनजाति संस्कृति की जन्म से लेकर उनके रहन सहन, खान पान तीज त्योहार, सामाजिक परिवेश व मृत्यु संस्कार का पूरा संग्रह का प्रदर्शन किया गया है। सभी बच्चे उत्साहपूर्वक एक कलाकृतियों को निहारते रहे। साथ ही संग्रहालय में प्रदर्शित मनोरंजन से ओतप्रोत थियेटर का भी आनंद लिए। फिर बड़ी पुरखौती मुक्तांगन में प्रवेश कर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, सामाजिक, व परंपरा का संग्रह एक स्थान पर पाकर बच्चे गदगद हो गए। साथ ही छत्तीसगढ़ की मंत्रालय व सचिवालय के साथ नवनिर्मित विधानसभा भवन एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भी अवलोकन किया। गढ़सिवनी स्कूल के बच्चे प्रथम बार विद्यालयीन भ्रमण में बाहर निकले बहुत उत्साहित होकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। यह ट्रीप बहुत ही आनंदमय रहा। इसमें खास तौर से छत्तीसगढ़ से सम्बंधित जानकारी प्राप्त हुआ। शैक्षणिक भ्रमण में संस्था से तुलेन्द्र सागर प्राचार्य के मार्गदर्शन व व्याख्याता वोमन लाल ठाकुर के नेतृत्व में सहयोगी व्याख्यातागण सरिता जैसवार, रितेश जोशी, ममता शर्मा एवं लक्ष्मी ठाकुर व स्टाफ मंथिर यादव के साथ विद्यार्थी सामिल रहे।



## महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ मतदाता जागरुकता से संबंधित विविध आयोजन

**सरायपाली**। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महासमुंद के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में, यूके बरिहा (प्राध्यापक नोडल अधिकारी) एवं शब्या पटेल (आइक्यूएसी प्रभारी) के मार्गदर्शन में नवीन मतदाताओं को मतदाता बनाने के उद्देश्य से मतदाता जागरुकता से संबंधित मतदाता शपथ, कविता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं स्वयंसेवकों ने श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र के छात्र सूरज कन्हेर ने छत्तीसगढ़ी में मतदाता जागरूकता पर कविता प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई एवं अपने उद्बोधन में निर्वाचन प्रणाली, आम जनता के अधिकार और फॉर्म 6 की महत्व पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ एवं आभार प्रदर्शन प्राची गुप्ता (कार्यक्रम अधिकारी-रासेयो) ने किया।

# इम्पैनल्ड लिस्ट में शामिल होने अस्पतालों को देना होगा 50 हजार से 3 लाख रुपए शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- राज्य तथा बाहर के प्राइवेट हास्पिटलों को चिकित्सा शिक्षा विभाग देता है मान्यता



राज्य के शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवार का इलाज करने मान्यता सूची में शामिल होने वाले प्राइवेट हास्पिटलों के लिए शुल्क का निर्धारण किया गया है। इसके लिए आवेदन करने वाले विभिन्न श्रेणी के हास्पिटलों को 50 हजार से 3 लाख रुपए तक शुल्क जमा करना होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग समय-समय पर प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर हास्पिटलों को मान्यता प्रदान करता है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में पिछले साल करीब दो सौ हास्पिटल पंजीकृत थे।

राज्य शासन अपने कर्मचारियों और उनके परिवार को निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान करता है। इसके लिए राज्य के अलावा दूसरे प्रदेश के बड़े प्रायवेट अस्पतालों को भी योजना के लिए पंजीकृत किया गया जाता है। पिछले साल राज्य के करीब 134 और दूसरे राज्यों 60 से ज्यादा अस्पतालों को इसके लिए मान्यता प्रदान की गई थी। सूत्रों के अनुसार सुविधाओं के विस्तार के लिए समय-समय पर प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर मापदंड तय करने वाले हास्पिटलों को भी मान्यता दी जाती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा योजना में इंपैनल्ड होने वाले हास्पिटलों के लिए नियमानुसार शर्तों के साथ शुल्क का निर्धारण किया गया है। योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन के आधार पर अस्पतालों का निरीक्षण किया जाएगा और पात्रता होने पर उन्हें सरकारी कर्मचारियों के इलाज की अनुमति भी प्रदान की जाएगी। निर्धारित शुल्क के अनुसार 20 बेड के 200 बिस्तरों के हास्पिटलों के लिए 50 हजार से 3 लाख रुपए तक शुल्क निर्धारित किया गया है। साथ ही दंत चिकित्सा के लिए भी हास्पिटलों को योजना में शामिल होने प्रथम निरीक्षण के लिए एक लाख रुपए शुल्क देना होगा। इसके अलावा उन्हें निर्धारित जीएसटी की राशि भी देय होगी।

### प्रतिवर्ष रिनीवल का भी शुल्क

योजना के तहत प्रतिवर्ष पंजीकृत हास्पिटलों को योजना में बने रहने के लिए रिनीवल एवं निरीक्षण शुल्क भी देना होगा। विभिन्न श्रेणी के हास्पिटलों को 30 से एक लाख रुपये शुल्क देना होगा। जारी आदेश में इस बात का भी जिक्र है कि प्राइवेट हास्पिटलों द्वारा वार्षिक कैलेंडर का पालन नहीं किए जाने पर उन्हें प्रतिदिन एक हजार रुपए का विलंब शुल्क भी देना होगा। इसी तरह हास्पिटल का पता नाम बदलने के दौरान भी संचालनालय पर गठित समिति के निरीक्षण के लिए शुल्क देना होगा।

# रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस का बदला नाम, अब 'मूक माटी एक्सप्रेस' नाम से चलेगी ट्रेन

**रायपुर**। भारतीय रेल यात्रियों को सुरक्षित, किफायती एवं सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और क्षेत्रीय पहचान को सम्मान देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में, रेलवे बोर्ड ने रायपुर–जबलपुर एक्सप्रेस का नाम परिवर्तित कर "मूक माटी एक्सप्रेस" रखा गया है। बता दें कि 'मूक माटी' नाम छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों की उस धरती का प्रतीक है, जो बिना शब्दों के भी अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक चेतना को संजोए हुए है। यह नामकरण रेलवे के कार्यक्षेत्र से जुड़े धरती, संस्कृति और जनभावनाओं को सम्मान प्रदान करता है।

**आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के विचारों से प्रेरित नामकरण** : यह नाम परिवर्तन संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अहिंसा, सत्य, संयम और मानवता के विचारों से प्रेरित है। उनके जीवन दर्शन ने समाज को नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं के प्रति जागरूक किया। 'मूक माटी एक्सप्रेस' इस भाव को दर्शाती है कि रेल यात्रा केवल आवागमन ही नहीं, बल्कि मानवीय और सामाजिक मूल्यों से जुड़ाव का माध्यम भी हो सकती है।

छात्रों को नवीन तरीके से पाठ समझाने पहल

# विद्यार्थियों को सिखाने टीवी चैनल की मदद लेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन (सीबीएसई) ने अपने सभी स्कूलों को पीएम ई-विद्या चैनल 15 का एक्टिव तरह से इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। बोर्ड का कहना है कि इससे क्लासरूम टीचिंग स्ट्रॉन्ग होगी और छात्रों की लर्निंग भी बेहतर बनेगी। सीबीएसई ने एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें कहा कि चैनल पर उपलब्ध कंटेंट सीबीएसई सिलेबस के अनुसार ही तैयार किया गया है। बोर्ड के अनुसार यह कदम डिजिटल एजूकेशन को बढ़ावा देने और देश के हर स्टूडेंट्स तक एक जैसी क्वालिटी एजूकेशन पहुंचाने में अहम साबित होगा। पीएम ई-विद्या पहल की शुरुआत साल 2024 में की गई थी, जिसका मकसद टीवी के जरिए छात्रों को सप्लीमेंट्री एजूकेशन सपोर्ट देना है। इस पहल के तहत 200 डीटीएच टीवी चैनल्स शुरू किए गए हैं। इनमें से सीबीएसई को चैनल नंबर 15 अलॉट किया गया है, जहां इस समय कुल 67 एजूकेशनल ई-वीडियो उपलब्ध हैं। ये वीडियो खासतौर पर कक्षा 9 से 11 तक के छात्रों और शिक्षकों की ट्रेनिंग को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

### हर छात्र तक शिक्षा पहुंचाने की कोशिश

बोर्ड के मुताबिक, इन कार्यक्रमों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि भौगोलिक या सामाजिक-आर्थिक बाधाएं छात्रों की पढ़ाई में रुकावट न बनें। टीवी के जरिए बार-बार टेलीकास्ट होने से छात्र अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ाई कर सकते हैं। इसके अलावा, सभी वीडियो यूट्यूब पर सीबीएसई टीवी चैनल पर भी उपलब्ध हैं, जिससे छात्र और शिक्षक कभी भी इन्हें दोबारा देख सकते हैं और अपनी स्पीड से सीख सकते हैं।

### इन विषयों और टॉपिक्स पर हैं वीडियो

चैनल-15 पर मौजूद वीडियो में छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए यूज कंटेंट शामिल है। इसमें मैथ्स, साइंस और सोशल साइंस जैसे मुख्य विषयों के अलावा कई जरूरी एजूकेशनल टॉपिक्स को कवर किया गया है। शिक्षकों के लिए बनाए गए वीडियो में एक्सपीरियंशियल लर्निंग, स्टोरीटेलिंग पेडागॉजी, असेसमेंट स्ट्रेटेजी, साइबर सेफ्टी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसे अहम सब्जेक्ट शामिल हैं। बोर्ड का कहना है कि ये वीडियो क्लासरूम में पढ़ाने के तरीकों को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

## अग्रवाल समाज के परिचय सम्मेलन में पहुंचीं 'बावरी'



**रायपुर**। अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वैवाहिक दो दिवसीय एजुकेटेड परिचय सम्मेलन में शामिल प्रतिभागियों का परिचय लेने तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम बावरीजी यानी मोनिका सिंह भदोरिया शुक्रवार को रायपुर पहुंचीं। जहां परिचय सम्मेलन के संयोजक कन्हैया अग्रवाल व हरिवल्लभ अग्रवाल ने माना विमानतल पर उनकी अगवानी करते हुए स्वागत किया। उल्लेखनीय हैं कि वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप निरंजनलाल धर्मशाला मे 10 व 11 दिसंबर को परिचय सम्मेलन आयोजित है।

# आवारा पशुओं से सावधानी, सुरक्षा एवं कानूनी-मानवीय प्रबंधन को लेकर निकाली गई जनजागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में आवारा पशुओं से सावधानी, सुरक्षा एवं कानूनी-मानवीय प्रबंधन विषय पर एक जन-जागरुकता रैली एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन व नोडल अधिकारी नारायण चक्रधारी के निर्देशन में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा आवारा पशुओं से सावधानी एवं सुरक्षा के संबंध में नगर में जागरुकता रैली निकाली गयी। तत्पश्चात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पशु चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कोसरिया (पशु चिकित्सक ), डा. कमलेश चौधरी (पशु चिकित्सक तुमगांव) महाविद्यालय की प्राचार्य डा. सविता चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कोसरिया ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को आवारा पशुओं से बचाव के उपाय, रेबीज एवं पशुजनित रोगों से सुरक्षा, मानवीय व्यवहार, सुप्रीम कोर्ट के अधिनियमों के अनुसार पशु संरक्षण तथा सुरक्षित प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उपस्थित पशु चिकित्सा विभाग तुमगांव के विशेषज्ञ डॉ. कमलेश चौधरी ने नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं-कुत्ते, बिल्ली, बंदर, गाय, सांड, भैंस इत्यादि की अनियंत्रित संख्या के कारण नागरिकों को दुर्घटना, चोट, काटने एवं रोग संक्रमण का गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है, साथ ही जानवरों के काटने से होने वाले रैबिज बीमारी से रोकथाम, टीकाकरण व सुरक्षा उपाय के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए प्रश्न पूछे एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने कहा कि आवारा पशुओं से महाविद्यालय आने वाले बच्चे, महिलाएं, वृद्ध, राहगीर एवं दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। यह स्थिति न केवल जन-सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है, बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था एवं स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। हमें आवारा पशुओं से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए और उनसे दूरी बना कर रखनी चाहिए।

नोडल अधिकारी नारायण चक्रधारी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय में आवारा पशुओं से सावधानी एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए निदान हेल्पलाईन नंबर 1100 के बारे में बताया। कार्यक्रम का में मंच संचालन महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक गोविंद श्रीवास एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक मेनका चंद्राकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# खरियार रोड में वनमंडलों की हुई संयुक्त बैठक

**महासमुंद**। वनमंडल महासमुंद एवं फारेस्ट डिवीजन खरियार रोड (ओडिशा) के मध्य वन संरक्षण एवं वन्यजीव सुरक्षा को लेकर संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, वनमंडलाधिकारी खरियार रोड (ओडिशा) मो. अज़ीज़ ख़ान, संयुक्त वनमंडलाधिकारी डिंपी बैस, उप वनमंडलाधिकारी गोविंद सिंह, ओडिशा एसडीओ राजा खरियार बामस सलिया, रेंजर प्रबीन दास, रेंजर बागबाहरा लोकनाथ ध्रुव, सालिकराम डडसेना सहित छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के अन्य रेंजर एवं वन अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अवैध वन अतिक्रमण, वन्यप्राणियों की सुरक्षा, वनाग्नि की रोकथाम, अवैध परिवहन तथा अंतर्राज्यीय सीमा से लगे वन क्षेत्रों में संचालित अवैध गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने सीमा क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने एवं संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों में किसी



भी प्रकार की वन संबंधी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए आपसी समन्वय, नियमित सूचना आदान-प्रदान तथा संयुक्त कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे वन संरक्षण के साथ-साथ वन्यजीव सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

# कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग अवसर पर परिणय सूत्र में बंधेंगे सरोज और तीरथ

**महासमुंद**। ग्राम सिनोधा में साहू परिवार (सुखराम-पुष्पा साहू और कल्याणी साहू) और समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के भगवान कृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह के पावन प्रसंग अवसर पर 12 जनवरी को गांव के ही एक निर्धन परिवार गोकुल की सुपुत्री सरोज विश्वकर्मा और ओंकारबंद निवासी विष्णु के सुपुत्र तीरथ विश्वकर्मा कथास्थल पर ही परिणय सूत्र में बंधेंगे। यह विवाह जन-सहयोग और ग्रामवासियों की मदद से कराया जा रहा है, जो सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाता है। श्रीमद भागवत कथावाचन भानपुर (बागबाहरा) के प्रसिद्ध पंडित धनंजय तिवारी कर रहे हैं। उन्होंने कन्यादान को महादान बताते हुए इस कार्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के मंच से ऐसे परोपकारी कार्य समाज के वंचित वर्गों को सहारा देने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। रुक्मिणी विवाह के आध्यात्मिक प्रसंग को वास्तविक विवाह से जोड़ना श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरक अनुभव होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।







## खबर संक्षेप



### श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा 19 से

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नं 2 इमलीभाठा स्थित कहार भोई समाज की कुल देवी मां कन्हाई परमेश्वरी मंदिर प्रांगण में मंदिर स्थापना के 7 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुप्त नवरात्रि 19 जनवरी सोमवार से 27 जनवरी 2026 मंगलवार तक 9 दिवसीय श्रीमद देवी भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथावाचक पंडित भूपेंद्रधर दीवान पंचकोशी धाम फिंगेश्वर वाले हैं। इस आयोजन में सभी सामाजिक जनों एवं शहरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है। प्रसादी वितरण 28 जनवरी को होगा।

### भिलाई में प्रदेशभर के खिलाड़ियों के मध्य होगा शतरंज मुकाबला

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य रैपिड एवं ब्लिट्ज फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को अग्रसेन भवन, सेक्टर-6, भिलाई में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा अग्रसेन जनकल्याण समिति के सहयोग से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते बताया कि इस राज्य चयन प्रतियोगिता में आकर्षक नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं शतरंज साहित्य प्रदान किए जाएंगे।

### खरोरा में बनाया गया आयुष्मान कार्ड



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आयुष्मान कार्ड का शिविर लगाया गया। इस दौरान लोगों के घर-घर जाकर छुटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बना रहे है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमदों लोगों तक पहुंचाना है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों हरिशंकर कनौजै, सविता बरगार, पीती साहू, राजेंद्र सिदार, नंदिनी चंद्राकर, पुष्पलता चंद्राकर, मिथलेश मोयर, तापस मिस्त्री, किरण कौशिक, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, मनटोरा चंद्राकर, संतोषी पटेल, हीराबाई चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### सिवनी मंडल में 13 को विराट हिंदू सम्मेलन

**धमतरी।** सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं हिन्दू समाज में एकता के लिए सिवनी खुर्द मंडल के ग्राम झुरानवागांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व पांच दिवसीय राम कथा होगी। व्यासपीठ पर राष्ट्रीय संत श्रीश्री मोहित पाठक विराजमान रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वंदेमातरम समिति, हिंदू सम्मेलन के स्वयंसेवक शत्रुहन राजपूत, मनोज ध्रुव आदि जुटे हैं।

**आयोजन :** शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे बसना विधायक संपत अग्रवाल

# पिथौरा में हुआ टी-20 ड्यूज़ बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

यंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में स्थानीय शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित टी-20 ड्यूज़ बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने की। जबकि, विशेष अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत आध्यात्मिक और अनुशासित वातावरण में हुई। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने चैंपियन ट्रॉफी का अनावरण किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत



शुभारंभ कराया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि बसना विधानसभा का प्रत्येक युवा मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहे, जिसके लिए इस प्रकार के खेल आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवाओं में अनुशासन व टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरी ऊर्जा और ईमानदारी से खेलने का संदेश देते हुए कहा कि मैदान में उतरने वाला हर खिलाड़ी एक योद्धा होता है और खेल हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखना सिखाता है।

कार्यक्रम में साहित्यकार शिवशंकर पटनायक, प्रवीण प्रवाह, अन्नत सिंह वर्मा, गौ सेवा संचालक मनीष अग्रवाल, लक्ष्मीकांत सोनी, गोपाल शर्मा, सौरभ अग्रवाल, जीवन तांडी, पवन अग्रवाल, सतीश ध्रुव सहित आयोजन समिति के अजय सिन्हा, सुधीर प्रधान, लोकनाथ डडसेना, सुरेश ठाकुर, रामू तिवारी, रमेश श्रीवास्तव, रामलाल पटेल, हरकेश निर्मलकर, योगेश अग्रवाल, पोलिश मिश्रा, बृजेश ठाकुर, रोमन साहू, चिंटू सिंहा, राज गोपाल, अनिमेष डे, गौतम साहू, अविनाश भोजराज खालसा, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



### सामाजिक भवन परिसर में नपाध्यक्ष ने किया बोर खनन कार्य का शुभारंभ

**महासमुंद।** शहर के गुजराती समाज की मांग पर गुजराती समाज भवन परिसर में बोर खनन कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। गुजराती समाजजनों ने साहू के समक्ष सामाजिक भवन परिसर में बोर खनन की मांग थी। मांग पर पालिका अध्यक्ष ने स्वीकृति प्रदान करते हुए सामाजिक भवन में बोर खनन कार्य का शुभारंभ किया। साहू ने कहा कि अब सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान समाजजनों को पानी की समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नगर व नगरवासियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास हो रहे हैं। इस अवसर पर समाज के हितेश चौहान, मोहन राठौड़, चुन्नीलाल राठौड़, जसवंत मेहता, घनश्याम सूचक, उदित राठौड़, पीयूष राठौड़, हर्ष परमार, चेतन गोहिल, सौरभ सोनी, घनश्याम सोनी, लोकेश दावड़ा, महेश सोलंकी, पप्पू परमार आदि उपस्थित रहे।



### कबड्डी अंडर-19 प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी पानीपत रवाना

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी अंडर-19 प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का दल राष्ट्रीय (नेशनल) स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पानीपत (हरियाणा) के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने उन्हें खेल भावना, अनुशासन एवं पूर्ण समर्पण के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व महासमुंद जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है, उनमें महासमुंद जिले के झलप से युवराज ध्रुव, बसना से बलदेव भोई एवं देवाशिष साहू शामिल हैं। वहीं बिलासपुर जिले से आकाश सिदार, करण, आशीष यादव, शिवम् पाल एवं अभय राज, जिला दुर्ग से तुषार साहू, बीजापुर से चरण कुमार, मोहला से थानेश कुमार तथा खैरागढ़ से देवेंद्र कुमार का चयन किया गया है। टीम के कोच राजेश साहू (व्यायाम शिक्षक भीथीडीह) एवं टीम मैनेजर नारायण गभेल (व्यायाम शिक्षक, घोंच) ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी से 16 जनवरी तक पानीपत (हरियाणा) में किया जाएगा। इस अवसर पर बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा एवं पीयूष परोहा (पीटीआई, सोनासिल्ली) सहित अन्य स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी का ब्लॉक स्तरीय छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा आज से



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने बताया कि पिछले 2 महीनों के दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों व प्रदेश के पदाधिकारियों व भिन्न भिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षो के साथ मैराथन बैठक लगातार हुई। प्रदेश के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के सहयोग से लोकसभा अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष के माध्यम से हर जिले में विधानसभा वार ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति युद्ध स्तर पर कर पाए है। उन्होंने बताया कि आगामी 11 जनवरी से प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा निकाली जा रही है। इस दौरान ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर की रणनीति के अनुसार अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने, जनसंपर्क को मजबूत करने तथा यात्रा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

## स्वामी रामानंदाचार्य की जयंती पर पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्राम खरोरा में जगद्गुरु स्वामी रामानंदाचार्य की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान महाराज संतोष वैष्णव, राधिका, हिरेंद्र, सनत, गुंजा, रूखमेश, लता, तिक्षाश, रूचिता, हिमांशी, विभा, संतोष वैष्णव ने कहा कि स्वामी रामानंदाचार्य को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। रामचरितमानस सहित अनेक धार्मिक ग्रंथों के पाठ हुए और स्वामी के व्यक्तित्व-कृतित्व को शिरोधार्य किए। निर्मोही अखाड़ा में वैदिक विधि-विधान से स्वामी के छाया चित्र का पूजन किया गया। तदुपरांत रामचरितमानस के बाल



कांड का पारायण किया गया। स्वामी ने अपने युग में विघटित समाज को एक सूत्र में निरूपित करने का जो महनीय कार्य किया, वह अप्रतिम है और आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने स्वामी की स्मृति जीवंत रखने के लिए उनके नाम से उद्यान अथवा भव्य मंदिर के निर्माण की जरूरत पर भी बल दिया। स्वामी को आध्यात्मिक जगत का प्रकाश स्तंभ बताया गया है।

# होली फेथ स्कूल में हुई वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

द न्यू होली फेथ स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से बारहवीं तक छात्र प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट ब्लू, पिच, ग्रीन, येलो हाउस कैप्टन द्वारा, मशाल शांति वा एकता के प्रतीक, बलून सज्जा आशा उम्मीद उत्सव का प्रतीक, राष्ट्रगान, शपथ, नन्हें बच्चों के पैरों की थिरकन नृत्य, विचारभिव्यक्ति एवं कक्षावार खेल रहा। सर्वप्रथम चेयरमैन जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए खेल के नियम बताया। उन्होंने खेल फिटनेस व एकता निरोग काया बताते हुए कहा कि स्वस्थता, आल्हाद, उत्साह का संचार करता है। खेल से सभ्य, शील, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना, शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व तार्किक सर्वांगीण विकास होता है। इस सीख शब्दों से खिलाड़ियों के अंदर जोश उत्साह,ऊर्जा संचारित कर मनोबल बढ़ाए। जीत के साथ हार को भी सहर्ष स्वीकार करने को कहे। अभिव्यक्ति उपरांत क्रीड़ा की शुरुआत हुई। खेल प्रभारी जगदीश धीवर एवं डायना रहे। क्रीड़ा प्रदर्शन प्री प्रायमरी, प्रायमरी, मिडिल, हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी के बच्चों द्वारा हाउस वाइज ब्लू, ग्रीन, येलो, पिच चारों के मध्य प्रतिस्पर्धा हुई। खेलों में फ्रॉग रेस, फ्रूट रेस, शॉर्टपुट, डॉजबॉल, खो-खो, कबड्डी, तवा फेंक, पाशिंगबॉल, रस्साकसी, बोरा दौड़ आदि हुए। उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने पूरे जोश व स्फूर्ति से प्लेग्राउंड में खेल प्रदर्शित किए, जिससे उत्साहित विजित खिलाड़ी के साथ-साथ दर्शकों अध्यापकों में भी हर्ष की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका ललिता चंद्राकर एवं मीनाक्षी साहू ने किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका पूजा कामदार, आरती झा, आकांक्षा मिश्रा, रुचि साहू, दीपिका साहू, गरिमा पटेल, रेखा विश्वकर्मा, प्रज्ञा चंद्राकर, वसुंधरा यदु, अनिशा यदु, लविना यदु, सुनीता सिन्हा, बरखा तिवारी, जयेश जैन, भोजराम बघेल, प्रीतपाल सिंग, तारा सिंग, आयुष अग्रवाल, प्रियंका षड़ंगी, प्रियंका पात्र, नंदिनी, अंजलि, शिवानी आदि मौजूद रहे।

## स्ट्रीट लाइट



**महासमुंद।** पार्षद निधि द्वारा वार्ड न 16 डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड के त्रिमूर्ति कॉलोनी और टामकी तालाब के नीचे स्थित कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगवाया गया।

# नर्रा में मरार समाज ने शाकंभरी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

ग्राम नर्रा में कोसरिया मरार समाज द्वारा माघ कृष्ण पक्ष छठ शुक्रवार को शाकंभरी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा शाकंभरी मंदिर जोंक नदी तट से शुरू हुई। जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मरार समाज के अराध्य देवी कंदमूल साग सब्जियां के दात्री मां शाकंभरी देवी का हवन पूजन पंडित मोतीलाल तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से हवन पूजन किया। माता शाकंभरी को भोग में हरि सब्जियां अर्पित की।

इस शाकंभरी महोत्सव हवन पूजन महाआरती में क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं संयोजक लोचन पटेल, स्थानीय सरपंच नामेश्वरी दीवान,



विजय शंकर निगम, पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन, डॉ परसराम यदु, चंद्र यादव, नर्रा राज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, सेतराम पटेल, पदुमलाल पटेल, सोहनलाल पटेल, परमेश्वर पटेल, पूर्व सरपंच गोपाल किशन पटेल समेत समाज पदाधिकारी के अलावा अन्य समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के संयोजक एवं जनपद सदस्य लोचन पटेल ने विस्तारपूर्वक मां शाकंभरी की उत्पत्ति की जानकारी दी। इस अवसर पर हवन पूजन के बाद प्रसादी वितरण में भंडारा आयोजन किया गया।

इस दौरान नर्रा समाज प्रमुख लक्ष्मीनारायण पटेल, चंदन पटेल, एवत राम पटेल, रघुलाल पटेल, लोकनाथ पटेल, दुकालुराम पटेल, मुरली पटेल, लीलाराम पटेल, संतराम पटेल, दयालुराम महेश पटेल, धरम पटेल, जुगेश पटेल एवं बोलबम समिति के सदस्य और समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मोहगांव विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान द्वारा 9 जनवरी शुक्रवार को अपने जन्मदिवस पर शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शाला, हाई स्कूल मोहगांव के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के समस्त स्टॉफ, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं नागरिकों की उपस्थिति में बच्चों द्वारा अपने शिक्षक प्रधान का जन्म दिवस मनाया गया। तत्पश्चात विद्यालय के समस्त बच्चे, विद्यालय के समस्त स्टॉफ व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, ग्रामीणों ने मिलकर सहभोज का आनंद लिया। शिक्षक परिवार द्वारा भोजन के साथ फल, मिठाई, नमकीन, चॉकलेट की व्यवस्था की गई थी।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यशवंत बारीक ने इसे अनुकरणीय पहल बताया और कहा कि हमारे विद्यालय में इस प्रकार का आयोजन सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देगा। हाई स्कूल प्राचार्य जगदीश



कुमार ने कहा कि न्योता भोजन का आयोजन बहुत ही शानदार रहा है। मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रविलाल प्रधान ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से शिक्षकों और बच्चों के बीच आत्मीयता और उत्साह बढ़ता है। संकुल समन्वयक अंजय कश्यप ने विद्यालय में न्योता भोज के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर व्याख्याता एके बरिहा, बीएस भोई, शिक्षक एसआर बंजारे, गौरीशंकर पंडा, कविता बढ़ाई, नीलिमा साहू, ईश्वरी पटेल, लालकुमार कुर्रे, अध्यक्ष यशवंत बारीक, रोहित प्रधान, बलदेव बारीक, रत्नाकर प्रधान, मोहन साव का सहयोग रहा।

# कर्मा कन्या महाविद्यालय में मनाया विश्व हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व, उसकी सांस्कृतिक भूमिका तथा छात्राओं में भाषा के प्रति सम्मान और जागरूकता विकसित करना रहा। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. सरस्वती वर्मा, विभागाध्यक्ष (हिंदी) ने अपने उद्बोधन में हिंदी को भारतीय अस्मिता, साहित्य और संस्कृति की आधारशिला बताते हुए कहा कि हिंदी भाषा भावों की अभिव्यक्ति की सर्वाधिक सशक्त माध्यम है तथा युवाओं को इसके संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। ओमप्रकाश पटेल, विभागाध्यक्ष (भूगोल) ने अपने




उद्बोधन में हिंदी को राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता की भाषा बताते हुए उसके व्यवहारिक प्रयोग पर बल दिया। विशिष्ट उद्बोधन डॉ. मनोज कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) द्वारा दिया गया। उन्होंने वैश्वीकरण और तकनीकी युग में हिंदी की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हिंदी शिक्षा, व्यापार, प्रशासन एवं डिजिटल मंचों पर निरंतर सशक्त हो रही है। मंच संचालन ओंकार प्रसाद साहू सहायक प्राध्यापक (हिंदी) द्वारा करते हुए उन्होंने विश्व हिंदी दिवस के ऐतिहासिक संदर्भ, उद्देश्य एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में जगदीश प्रसाद खटकर सहायक प्राध्यापक (भूगोल) द्वारा उद्बोधन एवं आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। इसमें प्रीति साहू, डिगेश्वरी पटेल, कमलेश्वरी देवांगन, रेशमा साहू, पूजा देवांगन, श्वेता, आरती साहू, वेदिका, चेतना, मालवी, डिगेश्वरी, जागृति साहू, खुशबू, वेदिका, भुनेश्वरी, रोशनी, प्रीति, हुलसी साहू, महेश्वरी ध्रुव, यशोदा साहू, सरिता साहू एवं भावना आर्य सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने हिंदी के महत्व पर विचार व्यक्त किए।




By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश,
श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
2 मई 2026
18 मई 2026
20 मई 2026
14 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22501/- ऑफर 20,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
17 फरवरी, 14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411